देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 29.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने एकल महिला स्वरोजगार योजना के बजट का शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड में फ़िल्म निर्माण से जुड़े इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से अल्मोड़ा के मां नंदा देवी मेले का शुभारंभ किया।
- आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे उत्तराखंड में स्वास्थ्य पखवाड़ा मनाया जाएगा।

महिला सशक्तीकरण

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने एकल महिला स्वरोजगार योजना के बजट का शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने बताया कि अब तक एक हजार छह सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पहले वर्ष दो हजार महिलाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है और जरूरत पड़ने पर नई विज्ञप्ति भी जारी की जाएगी।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी कल्याण कोष से मिलने वाली राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली और गैस कनेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

श्रीमती आर्या ने बताया कि महालक्ष्मी किट योजना में अतिरिक्त सामग्री जोड़ी जा रही है ताकि महिलाओं को अधिक लाभ मिल सके। बैठक में नंदा गौरा योजना और अनुपूरक पोषाहार योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

फिल्म निर्माण प्रोत्साहन

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड में फ़िल्म निर्माण से जुड़े इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया है। उन्होंने संबंधित विभाग को भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर का फ़िल्म महोत्सव आयोजित करने के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में कम लागत वाले सिनेमा हॉल स्थापित करने और स्थानीय युवाओं व कलाकारों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

उत्तराखंड फ़िल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ़िल्म निर्माण की अनुमति प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए एकल खिड़की प्रणाली पहले से संचालित है। पिछले एक वर्ष में प्रदेश में लगभग 30 क्षेत्रीय फ़िल्मों का निर्माण हुआ है या निर्माणाधीन है। साथ ही कई बड़े बैनर की हिंदी फ़िल्में और वेब सीरीज़ भी यहाँ शूट हो रही हैं।

औद्योगिक उत्पादन

इस वर्ष जुलाई में देश का औद्योगिक उत्पादन चार महीने के उच्चतम स्तर तीन दशमलव पांच प्रतिशत पर पहुंच गया। विनिर्माण क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के कारण औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई। इस महीने मार्च में औद्योगिक उत्पादन में तीन दशमलव नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी।

आर्थिक विशेषज्ञ ए.के. भट्टाचार्या ने आकाशवाणी को बताया कि कई क्षेत्रों में विकास के कारण ये वृद्धि दर्ज की जा सकी है।

घोषणा

दून विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने 10 छात्रवृत्तियों की घोषणा की है। इन छात्रवृत्तियों के तहत छात्रों की उच्च शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों के लिए शिक्षा शुल्क, वीज़ा, यात्रा और आवास सहित सभी खर्च उठाए जाएंगे।

यह घोषणा दून विश्वविद्यालय में आयोजित "गेटवे टू जर्मनी : ब्रिजिंग स्किल गैप्स, बिल्डिंग फ्यूचर्स" कार्यक्रम में की गई, जिसमें 500 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि वैश्विक अवसरों में भाषा की दक्षता अहम है और उत्तराखंड, जर्मनी के साथ दीर्घकालीन सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

रोजगार इन जर्मनी

उत्तराखंड दौरे पर आए एक उच्च स्तरीय जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि राज्य के कुशल युवाओं के लिए जर्मनी में स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने सहसपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और ओवरसीज़ एम्प्लॉयमेंट सेल का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की सराहना करते हुए भविष्य में साझेदारी की इच्छा जताई। इस सेल ने अब तक 32 युवाओं को जापान में रोजगार दिलाया है और विभिन्न कंपनियों के साथ रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम चला रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जर्मनी में रोजगार के इच्छुक युवाओं को जर्मन भाषा सीखनी होगी और मानकों के अनुरूप पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान पहले वर्ष से तीसरे वर्ष तक 600 से 1000 यूरो मासिक और उद्योग में समायोजन के बाद 1500 यूरो या उससे अधिक आय हो सकती है।

स्वास्थ्य पखवाड़ा

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे उत्तराखंड में स्वास्थ्य पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत राज्य में 4 हजार 604 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इन शिविरों में लोगों को निःशुल्क जांच, उपचार और दवाइयां मिलेंगी। गर्भवती महिलाओं और टीबी मरीजों को भी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की सभी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

अभियान के दौरान जगह–जगह वृहद रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मां नंदा देवी मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से अल्मोड़ा के मां नंदा देवी मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने इसे लोक आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन धार्मिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का भी मंच है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मां नंदा देवी मंदिर का पुनर्निर्माण पारंपरिक शैली में किया जाएगा और डीनापानी में ''नंदा देवी हस्तशिल्प ग्राम'' की स्थापना की जाएगी। इसमें स्थानीय महिला उद्यमियों और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि जागेश्वर धाम के सौंदर्यीकरण के लिए 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा अल्मोड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं, सड़कों, हेली सेवाओं, पार्किंग निर्माण, पेयजल योजनाओं और शैक्षणिक संस्थानों के विकास कार्य भी चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 में आयोजित होने वाली मां नंदा राजजात यात्रा को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

मोस्टामानू महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल वर्चुअल माध्यम से पिथौरागढ़ के मोस्टामानू महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर 62 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और पर्यटन से जुड़ी योजनाएँ शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोस्टामानू मेला आस्था और परंपराओं का प्रतीक है, जो कृषि व पशुपालन से जुड़े ग्रामीण जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का निर्माण 750 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जा रहा है और 21 करोड़ रुपये से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक भी बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्थानीय उत्पादों को अपनाना जरूरी है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ जिले के विकास से संबंधित कई घोषणाएँ भी कीं।

सौंदर्यीकरण कार्य

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के प्रयासों से शहर में यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शहर के 11 प्रमुख जंक्शनों पर ट्रैफिक लाइट लगाने का काम पूरा हो चुका है। इनमें महाराणा प्रताप चौक, नालपानी चौक, मोथोरावाला चौक, आईटी पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर, प्रेमनगर चौक, सुधोवाला चौक, रांगड़वाला और सेलाकुई बाजार तिराहा शामिल हैं, जबकि धूलकोट और डाकपत्थर तिराहे पर कार्य जारी है।

पांच वर्षों में पहली बार प्रमुख चौराहों पर लगे पुलिस के सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जिससे यातायात की नियमित निगरानी की जा रही है।

जिला प्रशासन ने यातायात प्रबंधन के साथ शहर को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से सजाने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। साई मंदिर जंक्शन, कुठालगेट और दिलाराम चौक का पहाड़ी शैली में सौंदर्यीकरण

लगभग पूरा हो चुका है। इन स्थलों पर राज्य की सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाने वाली कलाकृतियां पर्यटकों को आकर्षित करेंगी।

कुठालगेट और साई मंदिर पर नई स्लिप रोड और राउंडअबाउट का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। शहर के विभिन्न चौराहों और मार्गों पर राज्य आंदोलनकारियों की स्मृतियों और धार्मिक–सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि आने वाले पर्यटक देहरादून की परंपरा और विरासत से परिचित हो सकें।

<u>कार्यक्रम संपन्न</u>

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षा संकाय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित आठ दिवसीय अभिविन्यास एवं सहप्रेरण कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस दौरान भावी शिक्षकों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा, शिक्षण पद्धतियों, शैक्षणिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के विकास की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत और संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अतुल जोशी ने किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण, कविता और पोस्टर प्रस्तुति दी। संकायाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संस्कृति से जुड़े रहने और शिक्षा को परिवर्तन का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी, जबकि कुलपति ने उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम करने का आह्वान किया।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आज के समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को अपनी सुर्खी बनाया है।

आपदा प्रभावितों के लिये बनेगी नई पुनर्वास नीति, हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है। समाचार पत्र के अनुसार– मुख्यमंत्री ने व्यावहारिक पहलुओं को ध्यान में रखकर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के एक फैसले को अमर उजाला अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखता है– उत्तराखंड में फार्मिसिस्टों की भर्ती में बी.फार्मा डिग्री मान्य नहीं। समाचार पत्र के मुताबिक सशोधन होने तक केवल डी. फार्मा और राज्य फार्मेसी काउंसिल में पंजीकृत उम्मीदवार ही पात्र होंगे।

बीमार व जरूरतमंद शिक्षकों को मिलेगा स्थानांतरण, दैनिक जागरण समाचार पत्र की ख़बर है। समाचार पत्र शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत के हवाले से लिखता है– हर विधानसभा क्षेत्र में एक विद्यालय का होगा उच्चीकरण।